आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 05.05.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– हरिद्वार के ऋषिकुल में मदन मोहन मालवीय प्राच्य शोध संस्थान को वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने प्रदेश में रोपवे निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। रोपवे परियोजना की प्राथमिकता तय करने के लिए उप समिति गठित।
- गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय और गढ़वाल परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राजीव स्वरूप ने केदारनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।
- प्रदेश सरकार ने राशन कार्ड की ई–केवाईसी प्रक्रिया को अनिवार्य करते हुए सभी कार्डधारकों को 30 मई तक हर हाल में इसे पूरा करने को कहा है।

**मुख्यमंत्री / समीक्षा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में उच्च स्तरीय बैठक कर हरिद्वार के ऋषिकुल में मदन मोहन मालवीय प्राच्य शोध संस्थान के समग्र विकास और विस्तार की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में संस्थान को भारतीय ज्ञान परंपरा, प्राचीन विज्ञान, संस्कृति और आधुनिक शोध के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। पर्यटन विभाग इसमें नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा और राज्य के सभी जिलों की लोक कला पर आधारित गतिविधियां भी इसमें शामिल की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्वपूर्ण संस्थान को नई पहचान देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने संस्थान का कार्य जल्द शुरू करते हुए कुंभ से पहले इसे पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने संस्थान में वैदिक गणित, वेदों में निहित विज्ञान, उपनिषदों का दर्शन, भारतीय तर्कशास्त्र, पर्यावरण विज्ञान औरजीवन मूल्यों पर आधारित शोध और अध्ययन की आधुनिक व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संस्थान शिक्षा के साथ संस्कार और राष्ट्र निर्माण का भी केंद्र बने, इसके लिए संस्थान में डिजिटल पांडुलिपि संरक्षण केंद्र, आधुनिक पुस्तकालय, शोध प्रयोगशालाएं, संगोष्ठी केंद्र और ई–लर्निंग सुविधाओं की व्यवस्था भी की जाए।

**रोपवे समीक्षा**

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने आज सचिवालय में प्रदेश में रोपवे निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने रोपवे परियोजना के लिए नियामक प्राधिकरण के रूप में ब्रिडकुल को मजबूत करने के लिए इसकी भूमिका और जिम्मेदारी का मसौदा शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख सचिव नियोजन की अध्यक्षता में पर्यटन, आवास और लोक निर्माण विभाग के सचिवों तथा नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण को उपसमिति में शामिल किया है। यह उपसमिति प्रदेश में बनाए जाने वाले रोपवे की प्राथमिकता तय करेगी। मसूरी रोपवे की प्रगति की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने रोपवे के लोअर टर्मिनल के पास सार्वजनिक सड़क मार्ग से संबंधित मामले को अगले तीन दिन में निस्तारण कर निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने केदारनाथ और हेमकुंड रोपवे की प्रगति की समीक्षा भी की और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने जागेश्वर धाम योजना में रोपवे परियोजना को शामिल करने पर भी जोर दिया।

**रुड़की बस स्टैण्ड**

परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने आज रुड़की बस स्टैंड के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री ने कहा कि इस परियोजना के तहत बस स्टैंड को आधुनिक स्वरूप देने के लिए नए भव्य प्रवेश द्वार और दीवारों के नवीनीकरण के साथ ही पूरे परिसर का कायाकल्प किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार रुड़की सहित प्रदेश के सभी बस स्टैंण्ड की पहचान को नया स्वरूप देने और यात्रियों को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

**पुल शिलान्यास**

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून–मसूरी मोटर मार्ग पर शिव मंदिर के निकट क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर 12 करोड़ रुपए से अधिक लागत से बनने वाले नए स्थायी डबल लेन पुल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पुल का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि पिछले साल आपदा के दौरान इस स्थान पर पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बेली ब्रिज का बनाकर आवागमन सुचारू किया गया, जो वर्तमान में संचालित है।

**केदारनाथ/जायजा**

गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय और गढ़वाल परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राजीव स्वरूप ने आज केदारनाथ धाम पहुंचकर यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धाम क्षेत्र में संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। आयुक्त और पुलिस महानिरीक्षक ने श्रद्धालुओं व तीर्थ पुरोहितों से बातचीत कर यात्रा संबंधी दिक्कतों और सुझावों की जानकारी ली तथा मौके पर ही उनके समाधान के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा शासन–प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। आयुक्त ने बाबा केदार के दर्शन के लिए लागू टोकन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित और कतारबद्ध तरीके से ही दर्शन कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्थाओं पर विशेष जोर दिया। वहीं, पुलिस महानिरीक्षक ने धाम क्षेत्र और यात्रा मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण प्रणाली तथा आपातकालीन सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि संवेदनशील स्थलों पर सतत निगरानी रखी जाए और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। गौरतलब है कि प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित और संतोषजनक यात्रा कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभाग पूरी प्रतिबद्धता और समन्वय के साथ काम कर रहे हैं।

**ई–केवाईसी**

प्रदेश सरकार ने राशन कार्डधारकों के लिए ई–केवाईसी प्रक्रिया को अनिवार्य कर दिया है। सभी यूनिट धारकों को इस महीने की तीस तारीख तक हर हाल में अपनी ई–केवाईसी पूरा कराने को कहा गया है, ताकि भविष्य में उन्हें राशन लेने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। सरकार द्वारा तैयार किए गए "मेरा ई–केवाईसी" ऐप की मदद से बुजुर्ग, दिव्यांगजन और असहाय राशन कार्ड धारक घर बैठे ही अपनी ई–केवाईसी आसानी से पूरी कर सकते हैं। देहरादून के जिला पूर्ति अधिकारी के.के अग्रवाल ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से छूटे हुए लाभार्थी भी आसानी से प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। विशेष रूप से जो लोग राशन की दुकान तक पहुंचने में असमर्थ हैं, उनके लिए यह ऐप काफी उपयोगी साबित हो रहा है।

**खाद्य पदार्थ/अभियान**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने आज बागेश्वर नगर से लेकर कौसानी तक औचक निरीक्षण अभियान चलाया। सहायक आयुक्त और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने बाजारों, सब्जी की दुकानों, मॉल, होटल और रेस्तरां का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान 24 खाद्य नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। सहायक आयुक्त, प्रकाश फुलारा ने कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**राज्यपाल/कुलपति भेंट**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से आज लोक भवन में गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के नवनियुक्त कुलपति डॉ. शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने मुलाकात की। राज्यपाल ने डॉ. कश्यप को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की, कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में और अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।